समाचार-प्रकाषनार्थ:-

निगम आयुक्त श्री झारिया ने ली टी.एल. बैठक

रतलाम 10 फरवरी । सिविक सेन्टर स्थित तरणताल (स्वीमिंग पुल) के पीछे स्थित मिटिंग हॉल में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

आयोजित बैठक मंे निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि जिस-जिस विभाग में सी0एम0 हेल्य लाईन की शिकायत लंबित है उनका समय-सीमा में निराकरण करवाकर शिकायत बंद करावें साथ ही 100 व 300 दिवस से उपर की लंबित शिकायते है उन्हे 2 दिवस में अनिवार्य रूप से कटवाना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा लोक सेवा से संबंधित नगर निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाऐं प्राथमिकता से नागरिकों को दिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया साथ ही संबल योजना के प्रकरणों का श्रम विभाग व नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये।

आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकीए सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारियाए प्र0 कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यासए श्री जी0के0 जायसवालए प्रभारी सहायक यंत्री श्री श्याम सोनीए श्री एम.के. जैनए प्रभारी जलप्रदाय श्री सत्यप्रकाश आचार्यए प्रभारी उद्यान विभाग श्री अरविन्द दशोत्तरए स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंहए निगम सचिव श्री जसवन्त जोशीए  कार्यालय अधीक्षक श्री रामचन्द्र शर्माए प्रभारी पेंशन श्री जगदीश पांचालए उपयंत्री श्री सिद्धार्थ सोनीए सिटी मैनेजर श्री कपिल मारोठियाए श्री नितिन तिवारीए स्टेनोग्राफर श्री प्रमोद तिवारीए सहायक वर्ग-3 श्री प्रदीप उपाध्यायए सहायक राजस्व निरीक्षक श्री अंजनीप्रसाद मिश्रा आदि उपस्थित थे।

स्वच्छता चुनौती हैए इसका डट कर मुकाबला करेगे

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत सुभाष नगर सहित आधा दर्जन क्षेत्रों के

नागरिकों ने जागरुकता कार्यक्रम में लिया स्वच्छता का संदेश

रतलाम 10 फरवरी । आपको जब महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। शायद कुछ लोगों को याद होगा और जिन्हें याद नहीं होगा उन लोगों को मैं याद दिलाना चाहूंगाए गांधी जी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर हमारे शहर क स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें और इस सपने को साकार बनायें।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत स्वच्छ और सुंदर रतलाम की कल्पना को साकार कर रतलाम को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में चल रहे जागरुकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को सुभाषनगर स्थित मांगलिक सभागृह में समारोह आयोजित किया गया।

इस मौके पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने उपस्थित महिलाओं और बच्चों को संबोधित करते हुए कहां कि सच्चाई यही है कि इस सपने को साकार बनाने के लिये देश और प्रदेश के युवा को आगे आना होगा और गांधी जी के सपने को हकीकत में बदलने का प्रयास करना होगा। वर्तमान समय में स्वच्छता हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। यह समय रतलाम शहर के लिए बदलाव का समय हैए बदलाव के इस दौर में यदि हम स्वच्छता के क्षेत्र में पीछे रह गए तो आर्थिक उन्नति का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। साथ ही हमें इसे एक बड़े स्तर पर भी देखने की जरूरत है ताकि हमारे पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। निगम आयुक्त ने उपस्थितजनों से फीडबैक में भी सहयोग कर नगर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर-1 बनाने का आव्हान किया है।

उन्होने कहां कि साफ-सफाई केवल सफाई कर्मचारियों की ही जिम्मेदारी नहीं हैए यह हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि हम अपने शहर और गांवों को साफ और सुरक्षित रखें। हमें यह नजरिया बदलना होगा और मैं जानता हूं कि इसे केवल एक अभियान बनाने से कुछ नहीं होगा। पुरानी आदतों को बदलने में समय लगेगा लेकिन यह इतना मुश्किल काम भी नहीं है।

विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ

आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती प्रेरणा तोगड़े व हेमलता गेहलात के मार्गदर्शन में आयोजित स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के तहत यहां रांगोलीए भाषणए क्विजए चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं में महिलाओं व बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इन स्पर्धाओं में सफल रहे प्रतियोगी क्रमशः कु.रागिनीए मोनिकाए रीयाए यामिनीए जयश्रीए राधिकाए प्रियाएसपनाए नेहा के साथ ही अरुणा शर्माएए हेमलता शर्माए तारा राठोरए किरण मैनाए बंसती जीनवालएशहनाज खानए ज्योति कांवरियाए अफरोज खानए सुनीता चौहानए चंदा चौहानए प्रतिभा जैन और चेतना बारमेचा आदि को भी नगर निगम आयुक्त व अतिथियों ने संबोधित किया।

ये भी रहे मौजूद

स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम के अवसर पर नगर निगम के सहायक आयुक्त विकास सोंलकीएवरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.मीना वर्माए डॉ.देवेन्द्र शाहए नगर निगम के वरिष्ठ

इंजीनियर सुरेशचन्द्र व्यासए जीके जायसवालए एश्याम कुमार सोनीएस्वच्छता निरीक्षक किरण चौहानए डां.पिंकी बोरीवालए डॉ.शहनाज सैय्यदएडॉ.नेहासिंहएअनिल पांचाल आदि उपस्थित रहे।

यहां लिए गए संकल्प - शौचालय का प्रयोग करने के लिए लोगों में जागरूकता फैलायेंए अपने आस-पास रखे कूड़ेदान का प्रयोग करने के लिये लोगों को बतायेंए कॉर्टून और चित्रों के जरिये लोगों को स्वच्छता के सही मायने समझायेंए स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिये लोगों को जागरूक बनाने का प्रयास करेंगेए गंदगी नहीं फैलाएंगे और ऐसा करने वालों को विनम्रता पूर्वक रोकने का प्रयास करेंगेए सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को स्वच्छता बनाये रखने संबंधी अभियान चलाएंगेए पानए गुटका और तम्बाकू जैसे उत्पादों का सेवन करने वालों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करेंगेए सरकारीएगैरसरकारी संस्थानोंए स्कूलोएसार्वजनिक इलाकोंए मौहल्लोंए कालोनियोंए बागीचों और घरों में स्वच्छता बनाये रखने के लिए लोगों को शिक्षित बनाएंगेए स्वच्छता के लिए नालियों की गंदगीए नालोएतालाबों के आस-पास जमे कूड़े-करकटए सडकों की सफाई करेंगे।

काटजू नगर में आज से लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

नागरिकों ने 22ए33ए144रु. संपत्तिकर व 5ए78ए970रु. जलकर जमा कराया

रतलाम 10 फरवरी । नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली षिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे।

आयोजित षिविरों में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकरणए जलकरए दुकानए गुमटी किरायाए लायसेंस षुल्क एवं विकास षाखा से संबंधित भवन की किष्त तथा भू-भाटक की बकाया राषि जमा करा सकेगें।

निगम द्वारा आयोजित षिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर षिविर में संपत्तिकर 1ए10ए000रु. व जलकर 6ए000रु.ए मालवा नगर लक्ष्मणपुरा षिविर में संपत्तिकर 1ए40ए000रु. व जलकर 55ए775रु.ए अम्बे माता जवाहर नगर ष्विि‍र में संपत्तिकर 2ए38ए000रु. व जलकर 49ए010रु.ए विनोबा नगर षिविर में संपत्तिकर 1ए29ए000रु. व जलकर 43ए670रु.ए अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल षिविर में संपत्तिकर 1ए22000रु. व जलकर 29ए280रु.ए तिरूपति षिविर में संपत्तिकर 77ए000रु. व जलकर 19ए850रु.ए कोमल नगर षिविर में संपत्तिकर 1ए27ए000रु. व जलकर 48ए220रु.ए मार्निंग स्टार स्कूल षिविर में संपत्तिकर 1ए12ए000रु. व जलकर 14ए000रु.ए कस्तुरबा नगर षिविर में संपत्तिकर 5ए47ए000रु. व जलकर 86ए540रु.ए प्रियदर्षनी नगर षिविर में संपत्तिकर 1ए02ए000रु. व जलकर 3ए76ए905रु.ए डोंगरे नगर षिविर में संपत्तिकर

1ए82ए500रु. व जलकर 76ए470रु.ए हाट रोड षिविर में संपत्तिकर 68ए000रु. व जलकर 47ए595रु.ए कलीमी कालोनी षिविर में संपत्तिकर 1ए17ए000रु. व जलकर 22ए680रु.ए राजेन्द्र नगर षिविर में संपत्तिकर 1ए01ए644रु. व जलकर 55ए320रु. की राषि जमा कराई। इस तरह नागरिकांेें ने अब तक आयोजित षिविरों मेंें 22ए33ए144रु. संपत्तिकर व 5ए78ए970रु. जलकर की राषि जमा कराई।

वार्ड वार आयोजित किये गये वसूली षिविरो के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14ए 15 व 48 के लिये 11 से 12 फरवरी तक डॉ0 मेहरा नर्सिंग होम काटजू नगरए वार्ड क्रमांक 48 के लिये 15 फरवरी को वेदव्यास कालोनीए वार्ड क्रमांक 22 के लिये 16 फरवरी को कल्याण नगरए वार्ड क्रमांक 18ए 19 व 20 के लिये 17 से 18 फरवरी तक दीनदयाल नगरए वार्ड क्रमांक 44 व 23 के लिये 19 व 22 फरवरी को बोहरा बाखलए वार्ड क्रमांक 23 व 44 के लिये 23 फरवरी को रामगढ़ए वार्ड क्रमांक 21 व 45 के लिये 24 से 25 फरवरी तक लक्कड़पीठा प्याऊ के पासए वार्ड क्रमांक 48 व 49 के लिये 26 फरवरी व 1 मार्च को आर्य समाज मंदिर धानमण्डीए वार्ड क्रमांक 40 व 41 के लिये 2 मार्च को जूनी कोर्ट किरण टॉकिजए वार्ड क्रमांक 28ए 29ए 36ए 37 व 38 के लिये 3 से 4 मार्च को लॉ कॉलेज आनंद कालोनीए वार्ड क्रमांक 28 के लिये 5 मार्च को प्रताप नगर उद्यान के पासए वार्ड क्रमांक 13 के लिये 6 मार्च को महावीर नगरए वार्ड क्रमांक 39ए 40 व 41 के लिये 8 से 9 मार्च तक पैलेस रोड तिराहाए वार्ड क्रमांक 25ए 26 व 27 के लिये 10 मार्च को चौगानिया भेरूए वार्ड क्रमांक 24ए 25 व 42 के लिये 12 व 15 मार्च को षिक्षा विभाग सायर चबुतराए वार्ड क्रमांक 43 व 45 के लिये 16 व 17 मार्च तक चौमुखीपुल प्याऊ के पासए वार्ड क्रमांक 41 के लिये 18 से 19 मार्च तक बजाजखाना गणेष देवरीए वार्ड क्रमांक 33ए 34 व 35 के लिये 20 व 22 मार्च को षास्त्री नगर सेंट्रल बैंक के पासए वार्ड क्रमांक 33 व 34 के लिये 23 से 24 मार्च तक दो बत्ती चौराहाए वार्ड क्रमांक 30ए 31ए 32 व 34 के लिये 25 से 26 मार्च तक स्टेषन रोड दिलबहार चौराहा व वार्ड क्रमांक 16 व 17 के लिये 27 मार्च को टाटा नगर में कार्यालयीन समय में षिविर आयोजित किये गये है।

निगम द्वारा जारी अपील में नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि निगम द्वारा उक्त षिविर बकायादारों की सुविधा के लिए आयोजित किये गये है इन आयोजित षिविरों में बकायादार अपनी बकाया राषि जमा कर निगम को सहयोग प्रदान करें।

स्ट्रीट वेन्डरों ने डिजिटल ट्रांजेक्षन का प्रषिक्षण प्राप्त किया

रतलाम 10 फरवरी । पी.एम. स्वनिधी के तहत ऋण प्राप्त स्ट्रीट वेन्डरों को ‘‘मैं भी डिजिटल हूॅं’ ’ अभियान के तहत डिजिटल ट्रांजेक्षन का प्रषिक्षण नगर निगम

सभागृह में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारियाए उपायुक्त श्री विकास सोलंकी की उपस्थिति में दिया गया।

मैं भी डिजिटल हूॅं अभियान के तहत पी.एम. स्वनिधी योजनान्तर्गत ऋण प्राप्त करने वाले स्ट्रीट वेन्डरों को बैंक मैनेजरो द्वारा डिजिटल ट्रांजेक्षन का प्रषिक्षण देते हुए बताया इससे आप रूपयो का लेन-देन कर सकते हैं इसमें समय भी कम लगने के साथ सुविधाजनक होता है साथ ही ऋण वापसी में भी यह सहयोगी होगा। इस अवसर पर हितग्राहियों को आई कार्ड स्वरूप् बार कोड व कोरोना से बचाव हेतु मास्क का वितरण किया गया।

इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया बजाज खाना बैंक जिला समन्वय श्री राम राजेन्द्र मणीए झोन अधिकारी तरन्नुम खानए मार्केट अधिकारी श्री आनन्दए सिटी मैनेजर श्री नितिन तिवारी श्री कपील मारोठिया सहित हितग्राही उपस्थित थे।

वार्ड प्रभारी व ड्रायवर को सेवा से बर्खास्त किये जाने सूचना पत्र जारी

शरद  खरे को वार्ड 36 का प्रभारी नियुक्त किया गया

रतलाम 10 फरवरी । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 26 के कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर मुकेश द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित रहने व वार्ड क्रमांक 31 में कचरे के ढेर पाये जाने पर वार्ड प्रभारी दिनेश-बंशी का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

इसके अलावा वार्ड क्रमांक 36 स्थित कालिका माताए पुराने कलेक्टोरेट व अन्य स्थानों पर सफाई नहीं पाये जाने पर वार्ड प्रभारी संजय डिंडोर को हटाया जाकर झोन क्रमांक 2 पर नियुक्त किया गया व झोन क्रमांक 2 शरद खरे को वार्ड 36 का वार्ड प्रभारी नियुक्त किया गया।

स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़ा जायेगा

655 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम 10 फरवरी । रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानोंए सड़कोंए चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्ट्रूबर से अभियान चलाया गया तथा 10 फरवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 655 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 10 फरवरी को टीआईटी रोडए सैलाना बस स्टैण्डए काटजू नगरए जवाहर नगर व गांधी नगर से 6 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

शहर के सार्वजनिक स्थानोंए सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित हैए ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोडेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500६. वसूल करेगा

स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए0पी0 सिंहए झोन प्रभारी श्री किरण चौहानए श्री पर्वत हाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

निगम द्वारा युद्व स्तर पर किये जा रहे है लीकेज दुरस्त

111 दिनों में 142 वॉल्व व 735 पाईप लीकेज दुरस्ती का कार्य पूर्ण

रतलाम 10 फरवरी । शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को निरंतर बनाये रखने तथा जलप्रदाय व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ बनाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार पाईप लाईन व वॉल्व लीकेज दुरस्त करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा 23 अक्ट्रूबर से प्रारंभ किया गया जिसके तहत 10 फरवरी तक 142 वॉल्व व 735 पाईप लाईन लीकेजों को दुरस्त किया जा चुका है।

' 'रतलाम जलशक्ति अभियान' ' व्हाट्स एप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड किया जा रहा है तथा अपलोड़ की गई लीकेज संबंधी समस्या का तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है जिसके तहत 10 फरवरी बुधवार को विनोबा नगर

नाले के पासए बद्री कालोनीए काटजू नगर टॉवर के पासए सुभाष नगरए कस्तुरबा नगर गली नम्बर 6ए चमारिया नाका नाले के पास व धोबियों की धर्मशाला के पास पाईप लाईन लीकेज दुरस्त किया गया।

उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यासए जलप्रदाय विभाग प्रभारी श्री सत्यप्रकाश आचार्यए उपयंत्री श्री सुहास पंडितए श्री भैयालाल चौधरी के अलावा श्री नीरज यादवए श्री मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

दिव्यांगजन युडीआईडी प्रमाण पत्र हेतु दस्तावेज जमा करावें

रतलाम 10 फरवरी । समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन यु.डी.आई.डी. प्रमाण-पत्र बनवाने हेतु नगर निगम विकास शाखा स्थित पेंशन शाखा में आवश्यक दस्तावेज पासपोर्ट साईज फोटोए राशन कार्डए मतदाता परिचय पत्रए आधार कार्डए समग्र आई.डी.ए निःशक्त प्रमाण-पत्रए मोबाईल नम्बर तत्काल कार्यालयीन समय में जमा करावें ।

गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण की दी समझाईश स्वच्छता के लिये नगारिक दे रहे हैं फीडबैक

रतलाम 10 फरवरी । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर के समस्त घरोंए दुकानों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम आस्था के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक रखने की समझाईश दी जा रही है।

नगर निगम की सहयोगी संस्था टीम डिवाईन के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु घरों एवं दुकानों में पृथक-पृथक कचरा पात्र रखकर पृथक-पृथक कचरा एकत्रिकरण व गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालने की समझाईश दी साथ ही नागरिकों से स्वच्छता हेतु स्वच्छता एप पर सिटीजन फीडबैक लिया।

सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिक स्वच्छता एप का उपयोग करें

रतलाम 10 फरवरी । रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाडए निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता

एप की जानकारी निगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी।
स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये रतलाम नगर के नागरिक सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप करेंए उसके पश्चात एप को इन्सटाल करें। इन्सटाल करने के बाद एप्लीकेशन ओपन करके अपना मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद अपना जीपीएस ऑन करें इसके बाद आपकी सफाई संबंधी शिकायत का फोटो लेकर अपलोड करें। अपलोड की गई शिकायत नगर निगम के पास आयेगी ओर उसका तत्काल निराकरण किया जायेगा।

कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिक एवं दुकानदरों को रखना होंगे 4 डस्टबीन
खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालो पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी
अतिक्रमण व गंदगी करने पर होगा जुर्माना
रतलाम 10 फरवरी । नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत कचरा पृथक्कीकरण हेतु 4 डस्टबीन नहीं रख रहे है व दुकानों के सामने गंदगी व अतिक्रमण कर रहे उन पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।
नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार अपनी दुकानों में गीले कचरे अर्थात कीचन में बनी हुई खाद्य सामग्रीए फल-सब्जी के छिलकेए घांस व पेड़ की पत्तियांए राखए चाय पत्तीए बचा हुआ खाना आदि के लिये हरा डस्टबीनए सूखा कचरा अर्थात पुस्टाए अखबारए लोहाए कपड़ाए शालए कांचए पैकिंग मटेरियलए टुटे खिलौनेए प्लास्टिक आदि के लिये नीला डस्टबीनए घरेलू हानिकार कचरे के लिये पेन्ट के डिब्बेए पेस्टीसाइड के डिब्बेए सीएफएलए ट्यूबलाईटए थर्मामीटरए बैटरी आदि के लिये काला डस्टबीन तथा मेडिकल वेस्ट अर्थात् सेनेटरी नेपकीनए डायपरए सुईए सिंरिजए मास्कए ग्लब्सए पीपीई कीट आदि के लिये पीला डस्टबीन रखकर अपने घरों एवं दुकानों तथा प्रतिश्ठानों में ही कचरे का पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालकर कचरा पृथक्कीकरण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जो नागरिक या दुकानदार उक्तानुसार कचरे का पृथक्कीकरण नहीं करेगा व खुले में कचरा डालने वालो उन पर जुर्माने की कार्यवाही की जावेगी।
नागरिक एवं दुकानदार खुले में कचरा डालेंगे तो उन पर भी नगर निगम अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। नगर के विभिन्न स्थानों पर लगे

सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालों पर कन्ट्रोल रूम पर निगरानी रखी जा रही है। नगर निगम की टीम संबंधित के घर एवं दुकानों पर जाकर 5000.5000 हजार का जुर्माना करेगी।

समाचार/ज.सं.वि./हेमन्त/10ण्02ण्2021ध्न.पा.निगमए रतलाम.